आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉक्टर डेविड फ्रॉले ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। एक रिपोर्ट–

डाक्टर डेविड फ्रॉले ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान योग आयुर्वेद और सनातन संस्कृति पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बिताए पलों को यादगार बताते हुए कहा कि श्री योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी हुई है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए हैं। वह इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। डाक्टर फ्रॉले ने कहा कि अयोध्या का कायाकल्प बहुत की प्रसन्नता की बात है। यह वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि भगवान राम भारत की आत्मा के प्रतीक हैं और सभी धार्मिक परंमपराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। डाक्टर फ्रॉले ने कहा कि प्रभु श्रीराम का दर्शन आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद अनुभव देता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बजट सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह में प्रति व्यक्ति आय लगभग तैंतालीस हजार थी। वहीं इस वित्तीय वर्ष के अंत तक यह एक लाख बीस हजार से अधिक हो जायेगी। श्री योगी ने कहा कि तेरह लाख करोड़ की उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी को बढ़ा कर हम छत्तीस लाख करोड़ रूपये तक ले जा रहे हैं। वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस तक इसे चालीस लाख करोड़ रूपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज देश में सर्वाधिक लगभग छियानबे लाख एमएसएमई इकाइयां उत्तर प्रदेश में संचालित है। इनके माध्यम से तीन करोड़ से अधिक प्रदेशवासियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

आज विधानसभा में ही चर्चा के दौरान प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि नियमों के मुताबिक सरकार संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों का खयाल रख रही है।

माननीय उच्चतम न्यायालय के भी आदेश हैं मान्यवर, सरकार की भी मंशा है कि आउटसोर्स के माध्यम से जिनको भी मौका मिला है उनकों हम नहीं निकालेंगे। कम्पनियां बदल सकती हैं लेकिन कर्मचारी नहीं बदले जायेंगे। उनको नहीं हटाया जायेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री ने यूपीआई को सरल और विस्तार योग्य डिजिटल नवाचार का एक मॉडल बताते हुए भारतीय कंपनियों में विश्वास व्यक्त किया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप्स में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। गोलमेज बैठक के दौरान 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ और संस्थापकों ने अपने विचार और कार्य प्रस्तुत किए। ये स्टार्टअप्स स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक जनमानस पर प्रभाव डालने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए नवोन्मेषकों को बधाई भी दी। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

****

कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में सांसद–विधायक अदालत में पेश हुए। श्री गांधी ने वर्ष दो हजार अट्ठारह में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपनी टिप्पणियों से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। रायबरेली से लोकसभा सांसद राहुल गांधी को नौ मार्च को अगली सुनवाई में अपने बचाव में सबूत पेश करने को कहा गया है। इस बीच, अदालत में कांग्रेस नेता ने अपनी बेगुनाही का दावा किया।

****

गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की पहल तेज हो गयी है। इसी कड़ी में कल प्रदेश सरकार और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच एमओयू पर दस्तखत किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर उनके सामने हस्ताक्षरित इस एमओयू के अनुसार स्टेडियम के निर्माण में कॉर्पोरेशन द्वारा साठ करोड़ रुपये का सहयोग दिया जाएगा।

****

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में छब्बीस फरवरी तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस अवधि में अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की भी संभावना व्यक्त की है।

****